# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 17/02/2025 |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

112 + 8 × 2 − 13 ÷ 21 = ?

**Ans**
1. 9
2. 5
3. 6
4. 11

**Q.2** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'HXCT' को '55' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'LAMU' को '47' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'ZFGD' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
1. 48
2. 56
3. 53
4. 43

**Q.3** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

645 650 656 663 671 ?

**Ans**
1. 676
2. 677
3. 679
4. 680

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में, GTSU को TGHF लिखा जाता है और KJIE को PQRV लिखा जाता है। दी गई भाषा में ALMO को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans**
1. LOGL
2. ZLNO
3. ZYEL
4. ZONL

**Q.5** यदि शब्द FUNFAIRS के प्रत्येक अक्षर को व्युत्क्रमित अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**
1. तीन
2. एक
3. एक का भी नहीं
4. दो

**Q.6** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'plant more trees' को 'uf gk ro' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'trees give oxygen' को 'lm xs gk' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'trees' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

**Ans**
1. ro
2. gk
3. uf
4. xs

Q.7 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी वैक्यूम, मशीन हैं।
कोई भी वैक्यूम, गेम नहीं है।
सभी गेम, खिलौने हैं।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी खिलौना, मशीन नहीं है।
(II) कुछ खिलौने, वैक्यूम हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.8 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर MISC, OFUZ से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, ZDEN, BAGK से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PVAT दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?


Ans
1. STBP
2. STDP
3. RSCQ
4. TQBO

Q.9 उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।


_QMRN_OTPU_VRWS_ TYU_


Ans
1. KSNXW
2. KRNUW
3. LSQXZ
4. LRQUZ


Q.10 एक कागज को मोड़ने के क्रम और मोड़े गए कागज को काटने के तरीके को निम्नलिखित आकृतियों में दर्शाया गया है। खोलने पर यह कागज कैसा दिखाई देगा?




Ans


1.


2.


3.


4.



Q.11 एक पासे के फलकों पर U, J, T, H, A और S अक्षर अंकित हैं। नीचे एक ही पासे की दो स्थितियाँ दी गई हैं। फलक J के विपरीत कौन-सा फलक है?




Ans


1. U
2. S
3. T
4. A


Q.12 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(X)

Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.13 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'B + C × D – E ÷ F' है, तो उपरोक्त के आधार पर, D का F से क्या संबंध है?

Ans
1. पिता के भाई
2. भाई का भाई
3. माता का पति
4. पत्नी के पिता

Q.14 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)


Ans
1. MRZ
2. RSX
3. FGL
4. JKP

Q.15 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?


800 789 767 734 690 635 ?


Ans
1. 400
2. 250
3. 530
4. 569


Q.16 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर तार्किक रूप से श्रृंखला पूर्ण हो जाएगी।




Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.17 सात व्यक्ति, G, H, I, J, K, L और M, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। I के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। I और K के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, I के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। L और G के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, H के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन J के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
M के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

1. तीन
2. दो
3. चार
4. एक

Q.18 E, F, G, H, K, L और N, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
N, E के ठीक दाईं ओर बैठा है। N के बाईं ओर से गिनने पर N और H के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E और K के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F, G के ठीक दाईं ओर बैठा है।
G के दाईं ओर से गिनने पर E और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

1. एक
2. दो
3. तीन
4. चार

**Q.19** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

Y, N, X, L, W, J, V, H, ?, F





**Ans**

1. I
2. U
3. T
4. J

**Q.20** निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंधों को सटीक रूप से निरूपित करने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।

कपड़े, जूते, काला

**Ans**

1. 
2. 
3. 
4. 

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

**Q.1** 'सार्वजनिक सत्यधर्म' पुस्तक का लेखक निम्नलिखित में से कौन है?

**Ans**

1. महात्मा गांधी
2. देबेन्द्रनाथ टैगोर
3. ज्योतिबा फुले
4. स्वामी विवेकानंद

**Q.2** मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड, प्रतिअम्ल और रेचक (laxatives) का एक सामान्य घटक है जिसे लोकप्रिय रूप से किस नाम से जाना जाता है?

**Ans**

1. मैग्नीशिया अल्बा
2. फ़्यूज्ड मैग्नीशिया
3. कास्टिक-कैल्सीनयुक्त मैग्नीशिया
4. मिल्क ऑफ मैग्नीशिया

**Q.3** किस राज्य के मठों में सत्रिया नृत्य शैली विकसित की गई थी?

**Ans**

1. सिक्किम
2. अरुणाचल प्रदेश
3. पश्चिम बंगाल
4. असम

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | अक्टूबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, दिल्ली के/की मुख्यमंत्री कौन हैं? | |
| Ans | 1. आतिशी मार्लेना<br>2. हेमन्त सोरेन<br>3. सुखविंदर सिंह सुक्खू<br>4. भूपेन्द्र पटेल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह प्रावधान दिया गया है कि राज्य अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा? | |
| Ans | 1. अनुच्छेद 45<br>2. अनुच्छेद 48<br>3. अनुच्छेद 49<br>4. अनुच्छेद 46 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | आजीविका - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) द्वारा वर्ष ________________ में शुरू किया गया था। | |
| Ans | 1. 2012<br>2. 2010<br>3. 2011<br>4. 2013 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | निम्न में से कौन-सा एक प्राचीन महासागर था जो हिंद महासागर के विकास से लगभग 250 से 50 मिलियन वर्ष पहले अस्तित्व में था? | |
| Ans | 1. एजियन सागर (Aegean Sea)<br>2. टेथिस सागर (Tethys sea)<br>3. आयोनियन सागर (Ionian Sea)<br>4. अरल सागर (Aral Sea) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस दक्षिणी राज्य की साक्षरता दर सबसे कम है? | |
| Ans | 1. कर्नाटक<br>2. आंध्र प्रदेश<br>3. तमिलनाडु<br>4. केरल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | भारतीय नृत्यांगना सोनल मानसिंह को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म विभूषण से किस वर्ष सम्मानित किया गया? | |
| Ans | 1. 2000<br>2. 2016<br>3. 1996<br>4. 2003 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | एशियाई खेल 2023 के उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक कौन थे? | |
| Ans | 1. बजरंग पुनिया और पीवी सिंधु<br>2. हरमनप्रीत सिंह और अन्नू रानी<br>3. नीरज चोपड़ा और लवलीना बोरगोहेन<br>4. हरमनप्रीत सिंह और लवलीना बोरगोहेन | |

Q.11 लवण के एकल इकाई के एक सूत्र में मौजूद जल के अणुओं की नियत संख्या (constant number) को किस रूप में जाना जाता है?

Ans
1. क्रिस्टलीकृत जल
2. क्रिस्टलन जल
3. स्थिर जल
4. अचल जल

Q.12 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी संस्था नगर पालिकाओं के नियमित और निष्पक्ष चुनावों के लिए उत्तरदायी है?

Ans
1. राज्य निर्वाचन आयोग
2. जिला निर्वाचन आयोग
3. संभागीय निर्वाचन आयोग
4. भारतीय निर्वाचन आयोग

Q.13 क्वीन फिल्म के 'लंदन ठुमकदा' गीत की महिला गायिका कौन है?

Ans
1. आशा भोसले
2. नेहा कक्कड़
3. लता मंगेशकर
4. अलका याग्निक

Q.14 पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-1979) की एक अनोखी विशेषता क्या थी?

Ans
1. इसमें सेवा क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया।
2. इसने आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत की।
3. इसमें 'गरीबी हटाओ' पर जोर दिया गया।
4. यह पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित करने वाली पहली योजना थी।

Q.15 भक्ति प्रदीप कुलकर्णी एक प्रसिद्ध ________ खिलाड़ी हैं?

Ans
1. बैडमिंटन
2. जूडो
3. शतरंज
4. क्रिकेट

Q.16 निम्नलिखित में से किस नदी का उल्लेख ऋग्वेद में नहीं है?

Ans
1. सरस्वती
2. कृष्णा
3. यमुना
4. सिंधु

Q.17 किस संदर्भ में सभी पंचवर्षीय योजनाओं का लक्ष्य 'संवृद्धि (Growth)' था?

Ans
1. देश में विदेशी निवेश में वृद्धि
2. देश की वस्तु और सेवा उत्पादन क्षमता की वृद्धि
3. जनसंख्या वृद्धि
4. देश में सेवा और वस्तु की आयात में वृद्धि

Q.18 असमिया कैलेंडर के अनुसार, नए वर्ष का प्रारंभ फसल कटाई ऋतु की शुरुआत के साथ होता है, जिसे ______ बिहू के नाम से भी जाना जाता है।

Ans
1. कटि
2. माघ
3. बोहाग
4. चैत्र

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | भारत के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं? | |
| Ans | 1. राजीव कुमार<br>2. टी. स्वामीनाथन<br>3. एन. गोपालस्वामी<br>4. सुकुमार सेन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | ग्राहक को वस्तुएँ एवं सेवाएँ खरीदने की क्षमता कहाँ से प्राप्त होती है? | |
| Ans | 1. आय<br>2. अभिरूचि एवं अधिमान<br>3. विज्ञापन<br>4. निवेश | |

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

| | | |
|---|---|---|
| Q.1 | तीन व्यक्ति M, N और P हैं। वे 150 m लंबे एक वृत्ताकार ट्रैक पर एक ही दिशा में दौड़ रहे हैं। उनकी चालें क्रमशः 20 m/sec, 15 m/sec और 12 m/sec है। यदि वे एक ही समय पर और एक ही बिंदु से दौड़ना शुरू करते हैं, तो वे कितने समय बाद पहली बार एक-दूसरे से मिलेंगे? | |
| Ans | 1. 16 sec<br>2. 150 sec<br>3. 15 sec<br>4. 240 sec | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.2 | एक मेडिसिन में 60% पदार्थ S और 40% पदार्थ T मौजूद है। यदि S का क्रय मूल्य ₹30 प्रति इकाई से बढ़ाकर ₹40 प्रति इकाई कर दिया जाए तथा T का क्रय मूल्य ₹30 प्रति इकाई से घटाकर ₹20 प्रति इकाई कर दिया जाए, तो मेडिसिन के मूल्य में __________। | |
| Ans | 1. 3.33% की वृद्धि हो जाएगी<br>2. 6.67% की वृद्धि हो जाएगी<br>3. 3.33% की कमी हो जाएगी<br>4. 6.67% की कमी हो जाएगी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | 18, 72, 184 और 144 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 3220<br>2. 3312<br>3. 3351<br>4. 3388 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | यदि 10% वार्षिक ब्याज दर से तीन वर्षों के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर ₹186 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 5425<br>2. 6420<br>3. 6000<br>4. 7200 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | यदि 5% वार्षिक ब्याज दर से तीन वर्षों के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर ₹122 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 17200<br>2. 15425<br>3. 16000<br>4. 16420 | |

Q.6 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(60 \div 5) \times \left\{\frac{56}{4} + \frac{14}{3} \times (9 - 6)\right\}\right]$$

Ans
1. 325
2. 349
3. 347
4. 336

Q.7 एक दुकानदार ने ₹540 में एक वस्तु खरीदी। 20% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए?

Ans
1. 432
2. 636
3. 648
4. 660

Q.8 0.13 और 0.52 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3.12
2. 2.65
3. 1.45
4. 2.08

Q.9 मूल्यांकन कीजिए : 16 + 10 ÷ 5 - 3 × 3

Ans
1. 9
2. 8
3. 11
4. 12

Q.10 यदि x का 4% = 60 है, तो x ____ के बराबर है।

Ans
1. 1500
2. 3000
3. 3100
4. 1600

Q.11 36 km/h की चाल से चल रही 238 m लंबी रेलगाड़ी को 702 m लंबी सुरंग पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
1. 100
2. 104
3. 94
4. 90

Q.12 किसी मूलधन पर 8% की वार्षिक दर से 3 वर्ष की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹486 है। मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2027
2. 2025
3. 2015
4. 2029

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | मोहन ने 153 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 68 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ हुआ। उसका लाभ प्रतिशत कितना है? | |
| Ans | 1. 85%<br>2. 90%<br>3. 80%<br>4. 75% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | ₹3.80 प्रति kg वाली कितनी किलोग्राम चीनी को ₹4.60 प्रति kg वाली 60 किलोग्राम चीनी में मिलाया जाना चाहिए, ताकि मिश्रण को ₹5 प्रति kg की दर से बेचने पर 25% का लाभ हो सके? | |
| Ans | 1. 180 kg<br>2. 190 kg<br>3. 160 kg<br>4. 170 kg | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | एक स्टोर एक वस्तु पर 12% और 18% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। यदि ये दोनों छूट एक साथ लागू की जाती हैं, तो ग्राहक को मिलने वाली एकल तुल्य छूट ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 26.46%<br>2. 30%<br>3. 28.64%<br>4. 27.84% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | किसी जिले की जनसंख्या 340000 है, जिसमें 217000 पुरुष हैं। 11% जनसंख्या साक्षर है। यदि 11% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत कितना होगा? | |
| Ans | 1. 14%<br>2. 11%<br>3. 13%<br>4. 12% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | एक रेफ्रिजरेटर में आइस कंपार्टमेंट 36 cm गहरा, 16 cm ऊंचा और 12 cm चौड़ा है। यदि प्रत्येक आइस क्यूब का कोर 4 cm है, तो इसमें कितने आइस क्यूब समाहित हो सकेंगे? | |
| Ans | 1. 27<br>2. 216<br>3. 108<br>4. 54 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | चेतन, विपुल और मोहन का औसत भार 46 kg है। यदि चेतन और विपुल का औसत भार 40 kg है तथा विपुल और मोहन का औसत भार 44 kg है, तो विपुल का भार (kg में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 40<br>2. 50<br>3. 45<br>4. 30 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | किसी कार्य को करने के लिए Q और R एकांतर दिनों में कार्य करते हैं, जिसमें Q पहले दिन कार्य शुरू करता है। Q अकेले कार्य को 56 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि कार्य 37.5 दिनों में पूरा हो जाता है, तो R अकेले उसी कार्य का आधा भाग कितने दिनों में पूरा कर सकता है? | |
| Ans | 1. 21 दिनों<br>2. 14 दिनों<br>3. 28 दिनों<br>4. 7 दिनों | |

**Q.20** मूल्यांकन कीजिए : (-9) - (-60) ÷ (-12) + (-3) × 8

**Ans**
1. -37
2. -38
3. -41
4. -40

Section : **Part-D-English**

**Q.1** Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.

Don't assume that everyone but you is happy. The grass is always redder on one side.

**Ans**
1. sky is red in the evening
2. grass is always greener on the other side
3. fruit is yellow on the other side
4. plant is always greener on all sides

**Q.2** Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.
The software was developed in a team of experts and tested by users before its release.

**Ans**
1. The software was developed by
2. The software was developed at
3. The software was developed across
4. The software was developed on

**Q.3** Select the sentence with an error in the adverb used.

**Ans**
1. The manager evaluated the proposals more critically than her colleagues.
2. The software update was implemented so seamlessly that users barely noticed any changes.
3. The team worked incredibly hard to meet the tight deadline.
4. The results were analysed careful to ensure accuracy.

**Q.4** Select the most appropriate option to fill in the blank.

She always looks on the ______ side of life, no matter how tough things get.

**Ans**
1. negative
2. dark
3. neutral
4. bright

**Q.5** Select the most appropriate synonym that can substitute the underlined word in the given sentence.

The brothers defended their sister every time.

**Ans**
1. protected
2. invaded
3. united
4. condemned

**Q.6** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

**Abundant**

**Ans**

1. Copious
2. Ample
3. Sparse
4. Plentiful

**Q.7** Select the correct spelling of the incorrectly spelt word in the given sentence.

**The aroma of freshly brewed coffee was irressistible.**

**Ans**

1. irrisitable
2. irressistibal
3. irrisistable
4. irresistible

**Q.8** Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word.

**The driver made an <u>obscene</u> gesture at the passenger.**

**Ans**

1. Mean
2. Improper
3. Hilarious
4. Decent

**Q.9** Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.

**The new technology proved to be quite efficient in <u>streamlining</u> daily tasks.**

**Ans**

1. startling
2. simplifiying
3. sojourning
4. stripling

**Q.10** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

**Vigilant**

**Ans**

1. Choosy
2. Careless
3. Awake
4. Mindful

**Q.11** The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.

**(A) She quick finished her homework / (B) before dinner, eager to join her friends / (C) at the park for / (D) an exciting game of soccer.**

**Ans**

1. C
2. A
3. D
4. B

**Q.12** **Select the word that best completes the sentence. Determine the collocation through the sentence.**

**He tends to ______ a lot of noise when he's working.**

**Ans**
1. have
2. get
3. give
4. make

**Q.13** **Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.**

**The players were disappointed <u>above the defeat</u> of their team.**

**Ans**
1. by the defeat
2. in the defeat
3. over the defeat
4. around the defeat

**Q.14** **Select the most appropriate option that can substitute the highlighted word segment in the given sentence. If the sentence is grammatically correct, select 'No correction'.**

**The book, which has all the details on parenting, missing.**

**Ans**
1. is missing
2. No correction
3. had missing
4. had been missing

**Q.15** **Rectify the sentence by selecting the correctly spelt word from the options.**

**The speech was insipeed, leaving everyone restless and bored.**

**Ans**
1. Insiepid
2. Insipid
3. Innsipid
4. Insepid

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

For many healthcare workers, (1) ________ nurses, longer hours and shift work are the norm. Nurses are (2) ________ expected to work on public holidays, and may have to work for six or seven (3) ________ days before having a few days off, instead of the standard five days on, two days off.Also, many healthcare services, such as hospitals and aged care facilities, (4) ________ staffing seven days a week. It's imperative any restructured work arrangements are designed to (5) ________ continuous, adequate staffing. Consequently, a direct transition from a five-day to a four-day work week might not be immediately logical or applicable.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans**
1. ascetically
2. equally
3. especially
4. fanatically

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

For many healthcare workers, (1) nurses, longer hours and shift work are the norm. Nurses are (2) expected to work on public holidays, and may have to work for six or seven (3) days before having a few days off, instead of the standard five days on, two days off.Also, many healthcare services, such as hospitals and aged care facilities, (4) _______ staffing seven days a week. It's imperative any restructured work arrangements are designed to (5) continuous, adequate staffing. Consequently, a direct transition from a five-day to a four-day work week might not be immediately logical or applicable.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans**

1. hardly

2. seldom

3. rarely

4. often

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

For many healthcare workers, (1) nurses, longer hours and shift work are the norm. Nurses are (2) expected to work on public holidays, and may have to work for six or seven (3) days before having a few days off, instead of the standard five days on, two days off.Also, many healthcare services, such as hospitals and aged care facilities, (4) _______ staffing seven days a week. It's imperative any restructured work arrangements are designed to (5) continuous, adequate staffing. Consequently, a direct transition from a five-day to a four-day work week might not be immediately logical or applicable.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans**

1. consecutive

2. continent

3. consensus

4. conjunctional

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

For many healthcare workers, (1) ________ nurses, longer hours and shift work are the norm. Nurses are (2) ________ expected to work on public holidays, and may have to work for six or seven (3) ________ days before having a few days off, instead of the standard five days on, two days off.Also, many healthcare services, such as hospitals and aged care facilities, (4) ________ staffing seven days a week. It's imperative any restructured work arrangements are designed to (5) ________ continuous, adequate staffing. Consequently, a direct transition from a five-day to a four-day work week might not be immediately logical or applicable.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans**

1. require

2. pacify

3. rectify

4. specify

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

For many healthcare workers, (1) ________ nurses, longer hours and shift work are the norm. Nurses are (2) ________ expected to work on public holidays, and may have to work for six or seven (3) ________ days before having a few days off, instead of the standard five days on, two days off.Also, many healthcare services, such as hospitals and aged care facilities, (4) ________ staffing seven days a week. It's imperative any restructured work arrangements are designed to (5) ________ continuous, adequate staffing. Consequently, a direct transition from a five-day to a four-day work week might not be immediately logical or applicable.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans**

1. scrutinise

2. ensure

3. animate

4. treat

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **निम्नलिखित में से 'मुख्य' का विलोम शब्द है -**

**Ans**

1. विशिष्ट

2. प्रधान

3. ख़ास

4. गौण

| | | |
|---|---|---|
| Q.2 | **निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और क्रिया संबंधी त्रुटि की पहचान कर शुद्ध वाक्य का चयन करें।<br>वह क्रिकेट खेल है।** | |
| Ans | 1. वह वहाँ क्रिकेट खेल है।<br>2. वह क्रिकेट खेल हैं।<br>3. वह क्रिकेट खोता है।<br>4. वह क्रिकेट खेलता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | **'काशी नरेश ने अपनी पुत्रियों के विवाह के लिए सवयंबर का आयोजन किया।'<br>वाक्य में रेखांकित शब्द की शुद्ध वर्तनी है-** | |
| Ans | 1. स्वयंम्वर<br>2. सुयमंवर<br>3. स्वयम्बंर<br>4. स्वयंवर | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | **व्यक्ति को पहले स्वार्थ त्यागना चाहिए।<br><br>इस वाक्य में 'स्वार्थ' शब्द का कौन – सा विलोम होगा ?** | |
| Ans | 1. निहितार्थ<br>2. सामर्थ्य<br>3. अर्थ<br>4. परार्थ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | **'रामू बाजार में अलग-थलग खड़ा था।' वाक्य में प्रयुक्त अलग-थलग किस प्रकार के शब्द युग्म के अंतर्गत आएँगे?** | |
| Ans | 1. शब्द विलोम<br>2. पर्यायवाची शब्द<br>3. सार्थक निरर्थक<br>4. सार्थक-सार्थक | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | **'आपने यह इंतजाम कितने ________के लिए किया है।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त गैर-विदेशज शब्द का चुनाव कीजिए-** | |
| Ans | 1. हाकिमों<br>2. रिश्तेदारों<br>3. व्यापारियों<br>4. मेहमानों | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | **निम्नलिखित वाक्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और वाक्यांश हेतु सार्थक शब्द प्रस्तुत करें।<br>जो परस्पर एक-दूसरे पर आश्रित हो।** | |
| Ans | 1. अन्योन्याश्रित<br>2. आश्रित<br>3. अन्त्योश्रय<br>4. आश्रय | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | **'आग में घी डालना' मुहावरे का अर्थ है -** | |
| Ans | 1. शांत करना<br>2. समझौता कराना<br>3. क्रोध बढ़ाना<br>4. बीच – बचाव करना | |

| | |
|---|---|
| Q.9 | निम्न वाक्य में वर्तनीगत त्रुटि पहचानिए।<br>लेखिका की यह किताब पुनरिक्षीत हो चुकी है। |
| Ans | 1. लेखिका<br>2. किताब<br>3. पुनरिक्षीत<br>4. चुकी है |

| | |
|---|---|
| Q.10 | निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए -<br>जो कभी बूढ़ा न हो |
| Ans | 1. अमर<br>2. अगर<br>3. अजर<br>4. मगर |

| | |
|---|---|
| Q.11 | वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित शब्द का चयन कीजिए।<br><br>इस कक्ष का निर्माण रोटरी क्लब की दुया से हुआ है। |
| Ans | 1. इच्छा<br>2. सुजनता<br>3. कृपा<br>4. आकांक्षा |

| | |
|---|---|
| Q.12 | निम्नलिखित में से 'उल्लास' का विलोम शब्द है - |
| Ans | 1. आनंद<br>2. हर्ष<br>3. प्रसन्नता<br>4. विषाद |

| | |
|---|---|
| Q.13 | निम्न वाक्य में रेखांकित पद को संशोधित कीजिए।<br>यदि उन्हें लकड़ी मिल जाएँ तो वे पोस्टर बनाएँगे। |
| Ans | 1. कागज<br>2. सीमेंट<br>3. पत्ते<br>4. कलम |

| | |
|---|---|
| Q.14 | मेरा मित्र बहुत कपटी है।<br><br>इसमें प्रयुक्त 'कपटी' शब्द का विलोम चयन कीजिए। |
| Ans | 1. अकपट<br>2. छल<br>3. निष्कपट<br>4. निर्मल |

| | |
|---|---|
| Q.15 | प्रेरणार्थक क्रिया की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है- |
| Ans | 1. मैं खाना खाता हूँ।<br>2. वह कल बनारस चला गया।<br>3. रमेश इस किताब को पढ़ सकता है।<br>4. ठेकेदार मज़दूर से ईंटें उठवाता है। |

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

राष्ट्रभाषा से यह अभिप्राय है कि वह अंतरप्रांतीय व्यापार और (41) __________ व्यवहार में सभी प्रांतों में रहनेवालों द्वारा बरती जाए और बदरीनाथ से रामेश्वरम् तक तथा अमृतसर से कटक तक सभी स्थानों में परस्पर बातचीत करने और (42) ___________ में काम लाई जाए। राष्ट्रभाषा होने की अधिकाधिक योग्यता हिंदी में आनी और लानी चाहिए। आज के युग में जब वैज्ञानिक आविष्कार के कारण दुनिया से स्थान और समय की दूरी समाप्त होती जा रही है, कोई भी भाषा दूसरी भाषा के संपर्क से अपने को (43) ___________ नहीं रख सकती। हिंदी का यह एक विशेष गुण है कि उसने हिंदुओं की भाषा होते हुए भी अरबी, फारसी, अंगरेजी इत्यादि के शब्दों को अछूत नहीं समझा। (44) _______________ की नीति तो वह कदापि स्वीकार नहीं कर सकती और न विदेशी शब्दों को ही बाहर रखकर वह अपनी उन्नति कर सकती है। हिंदुस्तान में हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख इत्यादि सभी बसते हैं, तो भी वह (45)_____________ है। इसी प्रकार, यदि हम सभी भाषाओं से उत्तम और आवश्यक शब्द लेंगे, तो भी हिंदी ही रहेगी।

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द का चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(41)**

**Ans**

1. सार्वलौकिक
2. सार्वत्रिक
3. सार्विक
4. सार्वजनिक

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

राष्ट्रभाषा से यह अभिप्राय है कि वह अंतरप्रांतीय व्यापार और (41) __________ व्यवहार में सभी प्रांतों में रहनेवालों द्वारा बरती जाए और बदरीनाथ से रामेश्वरम् तक तथा अमृतसर से कटक तक सभी स्थानों में परस्पर बातचीत करने और (42) ___________ में काम लाई जाए। राष्ट्रभाषा होने की अधिकाधिक योग्यता हिंदी में आनी और लानी चाहिए। आज के युग में जब वैज्ञानिक आविष्कार के कारण दुनिया से स्थान और समय की दूरी समाप्त होती जा रही है, कोई भी भाषा दूसरी भाषा के संपर्क से अपने को (43) ___________ नहीं रख सकती। हिंदी का यह एक विशेष गुण है कि उसने हिंदुओं की भाषा होते हुए भी अरबी, फारसी, अंगरेजी इत्यादि के शब्दों को अछूत नहीं समझा। (44) _______________ की नीति तो वह कदापि स्वीकार नहीं कर सकती और न विदेशी शब्दों को ही बाहर रखकर वह अपनी उन्नति कर सकती है। हिंदुस्तान में हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख इत्यादि सभी बसते हैं, तो भी वह (45)_____________ है। इसी प्रकार, यदि हम सभी भाषाओं से उत्तम और आवश्यक शब्द लेंगे, तो भी हिंदी ही रहेगी।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द का चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(42)**

**Ans**

1. विचार - क्रम
2. विचार - विनिमय
3. विचार - विज्ञ
4. विचार - स्वातंत्र्य

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

राष्ट्रभाषा से यह अभिप्राय है कि वह अंतरप्रांतीय व्यापार और (41) __________ व्यवहार में सभी प्रांतों में रहनेवालों द्वारा बरती जाए और बदरीनाथ से रामेश्वरम् तक तथा अमृतसर से कटक तक सभी स्थानों में परस्पर बातचीत करने और (42) ___________ में काम लाई जाए। राष्ट्रभाषा होने की अधिकाधिक योग्यता हिंदी में आनी और लानी चाहिए। आज के युग में जब वैज्ञानिक आविष्कार के कारण दुनिया से स्थान और समय की दूरी समाप्त होती जा रही है, कोई भी भाषा दूसरी भाषा के संपर्क से अपने को (43) ___________ नहीं रख सकती। हिंदी का यह एक विशेष गुण है कि उसने हिंदुओं की भाषा होते हुए भी अरबी, फारसी, अंगरेजी इत्यादि के शब्दों को अछूत नहीं समझा। (44) _______________ की नीति तो वह कदापि स्वीकार नहीं कर सकती और न विदेशी शब्दों को ही बाहर रखकर वह अपनी उन्नति कर सकती है। हिंदुस्तान में हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख इत्यादि सभी बसते हैं, तो भी वह (45)_____________ है। इसी प्रकार, यदि हम सभी भाषाओं से उत्तम और आवश्यक शब्द लेंगे, तो भी हिंदी ही रहेगी।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द का चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(43)**

**Ans**

1. अछूता
2. अचूक
3. अछोह
4. अचिति

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

राष्ट्रभाषा से यह अभिप्राय है कि वह अंतरप्रांतीय व्यापार और (41) __________ व्यवहार में सभी प्रांतों में रहनेवालों द्वारा बरती जाए और बदरीनाथ से रामेश्वरम् तक तथा अमृतसर से कटक तक सभी स्थानों में परस्पर बातचीत करने और (42) ___________ में काम लाई जाए। राष्ट्रभाषा होने की अधिकाधिक योग्यता हिंदी में आनी और लानी चाहिए। आज के युग में जब वैज्ञानिक आविष्कार के कारण दुनिया से स्थान और समय की दूरी समाप्त होती जा रही है, कोई भी भाषा दूसरी भाषा के संपर्क से अपने को (43) ___________ नहीं रख सकती। हिंदी का यह एक विशेष गुण है कि उसने हिंदुओं की भाषा होते हुए भी अरबी, फारसी, अंगरेजी इत्यादि के शब्दों को अछूत नहीं समझा। (44) _______________ की नीति तो वह कदापि स्वीकार नहीं कर सकती और न विदेशी शब्दों को ही बाहर रखकर वह अपनी उन्नति कर सकती है। हिंदुस्तान में हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख इत्यादि सभी बसते हैं, तो भी वह (45)_____________ है। इसी प्रकार, यदि हम सभी भाषाओं से उत्तम और आवश्यक शब्द लेंगे, तो भी हिंदी ही रहेगी।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द का चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(44)**

**Ans**

1. बहिश्वर
2. बहिष्कार
3. बधियाना
4. बहिनापा

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

राष्ट्रभाषा से यह अभिप्राय है कि वह अंतरप्रांतीय व्यापार और (41) __________ व्यवहार में सभी प्रांतों में रहनेवालों द्वारा बरती जाए और बदरीनाथ से रामेश्वरम् तक तथा अमृतसर से कटक तक सभी स्थानों में परस्पर बातचीत करने और (42) ___________ में काम लाई जाए। राष्ट्रभाषा होने की अधिकाधिक योग्यता हिंदी में आनी और लानी चाहिए। आज के युग में जब वैज्ञानिक आविष्कार के कारण दुनिया से स्थान और समय की दूरी समाप्त होती जा रही है, कोई भी भाषा दूसरी भाषा के संपर्क से अपने को (43) ___________ नहीं रख सकती। हिंदी का यह एक विशेष गुण है कि उसने हिंदुओं की भाषा होते हुए भी अरबी, फारसी, अंगरेजी इत्यादि के शब्दों को अछूत नहीं समझा। (44) _______________ की नीति तो वह कदापि स्वीकार नहीं कर सकती और न विदेशी शब्दों को ही बाहर रखकर वह अपनी उन्नति कर सकती है। हिंदुस्तान में हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख इत्यादि सभी बसते हैं, तो भी वह (45)_____________ है। इसी प्रकार, यदि हम सभी भाषाओं से उत्तम और आवश्यक शब्द लेंगे, तो भी हिंदी ही रहेगी।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द का चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(45)**

**Ans**

1. हिंदुस्तान
2. पाकिस्तान
3. राजस्तान
4. हिंदुआनी